हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, बुधवार, 19 फरवरी 2025

## पानी की टंकी में डूबने से युवक की मौत

**नागपुर.**

नवीन कामठी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईटाभट्टी के पास स्थित पानी की टंकी में डूबने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रामे सतत रतन यादव गांव सुंदरी, तावकारी, जिला बाजार, कलीसामु पेरी, सिरपुर निवासी के रूप में हुई है। वह ईटाभट्टी में मजदूर के रूप में काम करता था । यह घटना दोपहर करीब 1:30 बजे की है, जब रामे यादव पानी की टंकी में डूबा हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत पानी से बाहर निकालकर उपचार के लिए उपजिला अस्पताल, कामठी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर मृतक के पिता रतन उदय यादव (65) निवासी की सूचना पर नवीन कामठी पुलिस थाने में अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# गंजीपेठ में नया अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र बनाया जाएगा

### > नगर आयुक्त ने किया फायर स्टेशन का दौरा

**नागपुर.**



नागपुर महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने मंगलवार (18 तारीख) को गंजीपेठ फायर स्टेशन का निरीक्षण किया. गंजीपेठ अग्निशमन केंद्र की इमारत जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है और उस स्थान पर एक नया अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र बनाने का प्रस्ताव है.अग्निशमन केंद्र के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अजय चर्थनकर, उपायुक्त, अशोक गराटे, गणेश राठौड़, अधीक्षण अभियंता मनोज तालेवार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बी पी चंदनखेड़े उपस्थित थे. प्रस्तावित नए अग्निशमन केंद्र भवन में एक भूतल तथा एक मंजिल होगी, इस केन्द्र पर 4 दमकल गाड़ियों की व्यवस्था होगी, गंजीपेठ फायर स्टेशन की स्थापना 1927 में हुई थी, यह इमारत वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है. नये अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र में एक आधुनिक कार्यालय भी होगा, इस अवसर पर मनपा आयुक्त व प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने गंजीपेठ अग्निशमन केंद्र के लिए नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, यह फायर स्टेशन महल, गांधीबाग और मोमिनपुरा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों को सुरक्षा प्रदान करता है.

मनपा आयुक्त ने गंजीपेठ फायर स्टेशन की पूरी इमारत का निरीक्षण किया, उन्होंने कर्मचारियों के आवास का भी निरीक्षण किया, गंजीपेठ स्थित अग्निशमन केंद्र नागपुर का पहला अग्निशमन केंद्र है और यह इमारत 98 साल पुरानी है, फिलहाल यहां तीन दमकल गाड़ियां रखने की व्यवस्था है, यह केंद्र ब्रिटिश काल में 1,700 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया गया था, इस अवसर पर आयुक्त ने इस स्थल पर नये अत्याधुनिक फायर स्टेशन के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये.

इस अवसर पर सहायक आयुक्त घनशाम पंढर, कार्यपालक अभियंता सचिन रक्षामवार, तुषार बारहटे, फायर स्टेशन अधिकारी सैयद शौकत अली. अजय लोखंडे, सुधाकर गवई आदि उपस्थित थे.

## पूर्व विधायक जाधव आखिर जेल रवाना

### सोमवार को अदालत के आदेश के बाद किया गया था गिरफ्तार

**नागपुर.**



पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी सहायक और एक पुलिस अधिकारी के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार पूर्व विधायक हर्षवर्धन जाधव को जेल भेज दिया है। सोमवार को अदालत के आदेश पर नागपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हालांकि, सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार को हालत में सुधार होने के बाद पुलिस ने जाधव को सेंट्रल जेल रवाना कर दिया गया। ज्ञात हो कि, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के निजी सहायक और एक पुलिस अधिकारी के साथ मारपीट की घटना 17 दिसंबर 2014 को वर्धा रोड स्थित एक होटल में हुई थी। उस दिन उद्धव ठाकरे की बैठक चल रही थी। उन्होंने बैठक समाप्त होने तक किसी को भी कमरे में प्रवेश करने से मना कर दिया था। इस बीच, जब पूर्व विधायक हर्षवर्धन जाधव होटल गए तो सुरक्षा दल में शामिल 'स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट' के पुलिस इंस्पेक्टर पराग जाधव ने उन्हें अंदर जाने से मना कर दिया। परिणाम स्वरूप, हर्षवर्धन जाधव क्रोधित हो गए और पराग जाधव को थप्पड़ मार दिया और चले गए। इसके बाद सोनेगांव पुलिस ने हर्षवर्धन जाधव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और मामले की जांच के बाद सत्र न्यायालय में मामला दायर किया। जब मामला अदालत में चल रहा था, तब न्यायाधीश ने पूर्व विधायक हर्षवर्धन जाधव को अदालत में पेश होने का आदेश दिया। इस मुकदमे की तारीखों पर जाधव अक्सर अनुपस्थित रहे। इसलिए सत्र न्यायालय ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।


जाधव सोमवार को अदालत में पेश हुए और गिरफ्तारी वारंट रद्द करने के लिए आवेदन दायर किया। इसके बाद अदालत ने उनसे पूछा कि वे अपने बचाव में किन गवाहों की जांच करने जा रहे हैं और गवाहों की सूची मांगी।

हालांकि, जाधव ने इसके लिए 10 दिन का समय मांगा। उनकी लापरवाही से क्षुब्ध होकर अदालत ने पुलिस को गिरफ्तारी वारंट तामील करने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पूर्व विधायक हर्षवर्धन जाधव को सोमवार शाम 4 बजे नागपुर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच जाधव ने डॉक्टर से सीने में दर्द की शिकायत की। इसलिए डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू कर दिया। मंगलवार दोपहर को डॉक्टरों ने बताया कि जाधव की हालत स्थिर है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और शाम को जेल ले गई।

## आज नागपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी शिव जयंती

**नागपुर.**



आज पूरे नागपुर में अनेक स्थानों पर वीर मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन और शोभायात्राएं आयोजित की जा रही हैं। शहर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है और हर तरफ 'जय भवानी, जय शिवाजी' के नारों की गूंज सुनाई दे रही है। शहर के विभिन्न हिस्सों में शिवाजी महाराज की गौरवशाली गाथा को याद करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। गांधीबाग, महाल, छोटा ताज बाग़, सीताबर्डी, सक्करदरा, तिरंगा चौक, मानेवाड़ा, अजनी और धरमपेठ में भव्य झांकियों का आयोजन किया गया है, शिवजयंती के कार्यक्रमों को देखते हुए नागपुर पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किये हैं। प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात किये गए है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। यह पर्व हमें उनकी गौरवशाली विरासत की याद दिलाता है। आज का दिन नागपुरवासियों के लिए ऐतिहासिक गौरव और सांस्कृतिक उत्सव का प्रतीक बन गया है।

## महादुला टी-पॉइंट पर जबरी लूट

### > पुलिस ने आरोपियों को धर-दबोचा

**नागपुर.**

कोराडी थाना क्षेत्र में महादुला टी-पॉइंट बस स्टॉप के पास जबरी लूट की घटना सामने आई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और लूट का माल बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार यह घटना दिनांक 17 फरवरी की सुबह 10:30 बजे के करीब की है। पीड़ित अमित प्रकाश ताड़ेकर (24) और उनके साथी मुसा महादुला बस स्टॉप पर यात्री ऑटो की प्रतीक्षा कर रहे थे। तभी आरोपी असलम अयूब खान (25) और उसका एक मद्दाक नामक साथी दोनों निवासी महादुला, कोराडी दोपहिया वाहन से वहां पहुंचे और पीड़ित से पैसे की मांग करने लगे। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने मारपीट कर उनके जेब से 700 रुपये छीनकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कोराडी पुलिस थाने में जबरी चोरी के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी असलम खान (29) इंद्र प्रगति नगर, महादुला कोराडी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक बड़ा लोहे का चाकू, एक मोबाइल फोन और 300 रुपये नकद बरामद किए गए। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर, सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक राहुल शिरे और उनकी टीम ने की है।

## शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का माल भी बरामद, क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की कार्रवाई

**नागपुर.**



यशोधरानगर थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान क्राइम ब्रांच यूनिट-5 की टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिससे दो बड़ी घरफोड़ियों का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 46,000 रुपये मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया है। जानकारी के अनुसार घटना 17 फरवरी की रात करीब 9:50 बजे की है, जब अपराध शाखा यूनिट-5 के अधिकारी और कर्मचारी गश्त पर थे। इसी दौरान यशोधरानगर थाना क्षेत्र में आजरी माजरी बोगदे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को नजर आया।

शक के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और नाम-पता पूछने पर उसने खुद को नाम उस्मान खान अकबर खान (21) कौशल्या नगर, गुरुनानक कॉलेज के पास, कपिलनगर निवासी बताया। जब पुलिस ने उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की, तो पता चला कि वह कपिलनगर थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के एक मामले में वांछित था। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी प्रज्वल उर्फ पज्जू भगत, निवासी म्हाडा क्वार्टर, कपिलनगर और एक अन्य फरार आरोपी के साथ मिलकर कन्हान थाना क्षेत्र में दो जगहों पर घरफोड़ियों को अंजाम देने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने की माला के मोती, पीली धातु का टुकड़ा, चांदी की पायल और 3,000 रुपये नकद सहित कुल 46,000 रुपये मूल्य का माल बरामद किया। आरोपी को जब्त सामान के साथ कन्हान पुलिस के हवाले कर दिया गया है, और आगे की जांच जारी है।

## जाली दस्तावेज पर लिया 74.50 लाख का होम लोन

**नागपुर.** बेलतरोड़ी पुलिस थाना क्षेत्र में आवास फाइनेंशियल लिमिटेड कंपनी के साथ 74.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के तहत केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता नितीन वामनराव हिंगणकर (46), बताए जा रहे हैं,जो आवास फाइनेंशियल लिमिटेड, बेसा रोड में शाखा प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं । उनकी यह कंपनी संपत्ति गिरवी रखकर होम लोन प्रदान करती है। आरोप है कि निलेश मनोहर पौनीकर, नितेश मनोहर पौनीकर, दिनेश जयदेव पवार, विक्की पुरुषोत्तम पाठराबे, सचिन चिंतामण सोमकुंवर, संदीप निंबोडकर, मनोजकुमार बिसनकुमार सार्वे, हेमंत सपकाळ, राम नंदनवार और अश्विन गृह उद्योग के संचालक ने आपस में मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खुद की संपत्ति बताकर कंपनी से 74.50 लाख रुपये का होम लोन मंजूर करा लिया। कर्ज की मासिक किश्तों का भुगतान नहीं किए जाने पर जब कंपनी ने जांच की, तो यह धोखाधड़ी उजागर हुई। आरोपियों ने झूठे कागजात प्रस्तुत कर कंपनी के साथ अवैध रूप से विश्वासघात और आर्थिक ठगी की।

## रमज़ानुल मुबारक आत्मा के प्रशिक्षण और ताज़गी पाने का महीना : इरफ़ाना कुलसुम

**नागपुर.**



इंसान की आत्मा एक घोड़े की तरह होती है, अच्छा और वफ़ादार इंसान बनने के लिए इसे नियंत्रित करना परम आवश्यक होता है। इसके लिए उस पर सवार होकर उसे प्रशिक्षित करना होता है। वरना हमें नहीं पता कि कब यह अड़ियल घोड़े की तरह विचलित हो कर वह हमें किसी गहरी खाई में ले जाकर गिरा दे। ये विचार इरफ़ाना कुलसुम ने महिलाओं और लड़कियों के लिए आयोजित इस्तक़बाले रमज़ान में व्यक्त किए। यह कार्यक्रम जाफ़र नगर, टीचर्स कालोनी में स्थित मस्जिद मर्कज़े इस्लामी सभागृह में आयोजित किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि रमज़ानुल मुबारक का महीना इसी आत्मा के प्रशिक्षण और ताज़गी देने के लिए आता है , यह विषय तक़्वा अर्थात इंद्रियनिग्रह से संलग्न है । दूसरी बात कि आत्मा में अलग अलग पहलू होते हैं उन्हें यदि अल्लाह ईश्वर की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षित किया जाए तो वे परलोक में सफलता की ओर ले जाते हैं। स्थानीय नाज़ेमा ,ज़ेबा ख़ान ने कहा कि महिलाओं को रमज़ान में समय के प्रबंधन के साथ अल्लाह की बंदगी में भरपूर समय व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने रोज़ों , तरावीह, ज़कात , सद्क़ाए फ़ित्र के संबंध में इस्लामी शास्त्र के आदेशों पर आधारित जानकारी प्रस्तुत करते हुए ईद की नमाज़ और उसकी सुन्नतों पर भी प्रकाश डाला। डायटीशियन अफ़रा ख़ान ने बताया कि रोज़े से मानव शरीर को अत्यधिक लाभ मिलता है । यह वज़न , ब्लड प्रेशर को कम करने के साथ साथ मस्तिष्क की गतिविधियों को गति प्रदान करता है। रोज़े रखने से शरीर स्वत: अपनी सफाई शुरू कर देता है । यदि हम सहरी और इफ़्तार के खान-पान में सावधानियां बरतें तो रोज़े से हमारे शरीर को अनगिनत फ़ायदे मिल सकते हैं। काफ़ी संख्या में लड़कियों और महिलाओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। मंच संचालन रमीशा कुलसुम ने किया। यह जानकारी जेआईएच मीडिया सचिव डॉ एम ए रशीद ने दी।

## सोने की हेराफेरी, कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

प्रतापनगर पुलिस ने आशा वैभव क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी, खामला शाखा में हुए 16.96 लाख रुपये मूल्य के सोने की हेराफेरी के मामले में एक कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता राधाकिशन नारायण चिंते (27) घाटे लेआउट, हुडकेश्वर रोड निवासी इस सोसायटी में विभागीय प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। सोसायटी अपने खाताधारकों को बचत खाते और सोने के बदले कर्ज की सुविधा प्रदान करती है। गिरवी रखा गया सोना बैंक के लॉकर में सुरक्षित रखा जाता है, और इसकी जिम्मेदारी कर्मचारी शैलेष उदारामजी कळसकर (30) सोनेगांव, बुट्टीबोरी निवासी के पास थी। फरियादी ने अचानक बैंक का निरीक्षण किया, तो लॉकर में रखे गोल्ड लोन बैग की जांच करने पर पता चला कि 10 जनवरी 2025 से 7 फरवरी 2025 के बीच चार खाताधारकों द्वारा गिरवी रखा गया 339.35 ग्राम सोना, जिसकी कीमत 16,96,750 रुपये है, जमा नहीं किया गया था। जांच में पाया गया कि आरोपी ने अपने फायदे के लिए सोने के गहनों की हेराफेरी कर धोखाधड़ी की और सोसायटी के साथ विश्वासघात किया।

## विदर्भ के ख़िलाफ़ मुंबई की टीम काफ़ी मुश्किल में

### > विदर्भ पहली पारी-383,मुंबई 187/7

**नागपुर.**





मुंबई के मध्य क्रम के बल्लेबाज़ों ने एक बार फिर से काफ़ी ख़राब प्रदर्शन का मुज़ाहिरा किया महज़ 11 गेंदों में चार विकेट गंवाने के बाद,दूसरे दिन का खेल ख़त्म होने तक मुंबई की टीम विदर्भ से 195 रन पीछे थी और उनके सिर्फ़ तीन विकेट शेष हैं नागपुर में चल रहे रणजी ट्रॉफ़ी दूसरे सेमीफ़ाइनल में विदर्भ के ख़िलाफ़ मुंबई की टीम काफ़ी मुश्किल में है.अपना दूसरा प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर पार्थ रेखड़े ने अंतिम सत्र में मैच का रुख़ पलट दिया. उन्होंने 41वें ओवर में अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे को आउट कर मुंबई को 113/2 से 113/5 पर ला दिया. रहाणे इस ओवर में पहले आउट हुए, वह डिफ़ेंसिव शॉट खेलना चाह रहे थे लिकन गेंद स्टंप्स पर जा लगी, इसके बाद सूर्यकुमार यादव सिर्फ़ दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए, उन्होंने तेज़ अंदर आती गेंद को काफ़ी ज़ोर से खेलने की कोशिश की, जिससे गेंद अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई और शॉर्ट लेग पर तैनात दानिश मालेवर ने दूसरी कोशिश में शानदार कैच लपका. इसके तुरंत बाद, दुबे पीछे जाकर गेंद को खेलने की कोशिश में मोटा किनारा दे बैठे, जिसे पहली स्लिप में अथर्व तायडे ने बेहतरीन ढंग से लपक लिया. इसके बाद मुंबई की टीम और भी ज़्यादा मुश्किल में तब फंस गई, जब शम्स मुलानी बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए.

मूल रूप से मैदानी अंपायर ने उन्हें नॉट आउट दिया था क्योंकि गेद काफ़ी अधिक टर्न ले रही थी, लेकिन विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने रिव्यू लिया, जिसमें साफ़ दिखा कि गेंद स्टंप्स पर जा लगती, इस फ़ैसले के बाद मुलानी को 4 रन के निजी स्कोर पर वापस लौटना पड़ा, इस विकेट के साथ हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफ़ी के इतिहास में एक सीज़न में 60 या उससे अधिक विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज़ बनने की उपलब्धि हासिल की, इससे पहले 2019-20 में जयदेव उनादकट ने यह कारनामा किया था. इसके बाद शार्दुल ठाकुर और विकेटकीपर आकाश आनंद के बीच एक अर्धशतकीय साझेदारी हुई, जहां शीर्ष क्रम के ज़्यादातर बल्लेबाज़ संघर्ष कर रहे थे, वहां आनंद ने अर्धशतक भी जमाया, जबकि शार्दुल ने अपने स्वाभाविक अंदाज़ में गेंदबाज़ों पर आक्रामक रुख़ अपनाया और हर मौक़े पर रन बटोरने की कोशिश की, उनकी यह साझेदारी 60 रनों तक चली, शार्दुल 41 गेंदों में 37 रन बनाकर डीप स्क्वायर लेग पर कैच आउट हो गए, उन्होंने यश ठाकुर की गेंद को पुल करने की कोशिश की थी, शिवम दुबे ने लिए पांच विकेट लेकिन रहाणे और सूर्यकुमार का नहीं चला बल्ला दूसरे दिन का खेल ख़त्म होने तक मुंबई की टीम विदर्भ से 195 रन पीछे थी और उनके सिर्फ़ तीन विकेट शेष हैं अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे तीनों ही पार्थ रेखड़े का शिकार बने मुंबई 188/7 (आनंद 67*, लाड 35, रेखड़े 3/16, ठाकुर 2/56) पहली पारी में विदर्भ के 383 (मालेवर 79, शौरी 74, राठौड़ 54.






CMYK

# हादसा टला, अब समिति बताएगी मालगाड़ी में आग की भयावहता

## > नागपुर में हो सकता था जलगांव की तरह बड़ा हादसा

**नागपुर.**

नागपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार की दोपहर में डीजल से भरी रैक को ले जा रही मालगाड़ी बड़े हादसे का शिकार होने से बची। एक टैंकर में आग लगी और अफरा-तफरी मच गई। ठीक इसके बगल में तेलंगाना एक्सप्रेस यात्रियों से ठसाठस भरी थी। आग देखते ही तेलंगाना एक्सप्रेस के यात्री पैनिक हो गये। इससे पहले कि वह घबराकर बाहर कूदते यहां तैनात जीआरपी के कर्मचारियों ने उन्हें संभाल लिया, वरना नागपुर स्टेशन पर भी जलगांव ट्रेन हादसे जैसे हालात हो सकते थे।

हाल ही में महाराष्ट्र के जलगांव में पुष्पक ट्रेन की चेन पुलिंग के बाद आग की अफवाह उड़ी थी। इस गाड़ी के यात्री घबराकर ट्रेन से बाहर कूदने लगे और दूसरी तरफ से आने वाली कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इसमें कई यात्रियों की जान चली गई थी। रविवार को नागपुर स्टेशन पर हुआ हादसा इस घटना की पुनरावृत्ति कर सकता था, यदि समय पर जीआरपी के जवान आकर यात्रियों को नहीं संभालते।



दरअसल, मालगाड़ी में आग लगने के बाद शोर शराबा होने लगा। ब्लॉस्ट की तरह आवाज भी हुई, जिसके बाद गाड़ी में आग लगने की घटना तेजी से परिसर में फैली। इससे तेलंगाना एक्सप्रेस के यात्री पैनिक हो गये। अनेक यात्री ट्रेन से कूदकर प्लेटफार्म नंबर दो की ओर भागने की कोशिश में थे, लेकिन सही समय पर जीआरपी के जवानों ने उद्घोषना करना शुरू कर दिया। उन्होंने तेलंगाना के यात्रियों को सुरक्षित होने की बात कही, साथ ही गाड़ी से बाहर न आने की चेतावनी दी। कुछ जवान ट्रेन के भीतर जाकर यात्रियों को संभालने लगे। इसके अलावा उन्होंने तेलंगाना एक्सप्रेस में लगे अग्निशमन यंत्र का उपयोग कर आग बुझाने का प्रयास भी किया, जिससे काफी हद तक आग काबू में आ गई थी। प्लेटफार्म नंबर दो पर लगातार गाड़ियों का आवागमन शुरू रहता है, ऐसे में यदि तेलंगाना एक्सप्रेस के यात्री पैनिक होकर प्लेटफार्म नंबर दो की ओर भागते तो जलगांव की तरह नागपुर स्टेशन पर भी हादसा हो सकता था। सही समय पर जीआरपी के हेड कॉन्स्टेबल चंदु भोयर, कॉन्स्टेबल मनोज मेश्राम, अमित मिश्रा ने सराहनीय काम किया। रेलवे की ओर से बताया जा रहा है, कि नीचे से किसी तकनीकी कारणों से घर्षण होने से आग लगी है, लेकिन सूत्रों के अनुसार घटना के बाद तेलंगाना के यात्रियों ने बताया कि, ओएचई से चिंगारियां गिरने से आग लगी थी। फिलहाल रेलवे ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अधिकारियों को इसकी घटना की जांच के लिए बुलाया गया है। सोमवार को दिन भर अधिकारी इसकी जांच में लगे थे।

रविवार को हुए इस हादसे की गंभीरता देखते हुए घटना का कारण जांचने के लिए रेलवे ने एक कमेटी गठित की है। इस कमेठी में रेलवे के सेफ्टी, कमर्शियल, ऑपरेटिंग विभाग के अधिकारियों के साथ आईओसी के अधिकारी शामिल हैं। टीम के सदस्य घटना की जांच में लगे हैं। आग किस कारण से लगी, इस बारे में जांच रिपोर्ट जल्द ही पेश की जाने वाली है।

### जल्द ही कारण सामने आएगा

ओएचई की जांच की गई है, इसमें कोई दिक्कत नहीं दिखी। आग लगने की घटना की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है, जिसमें रेलवे विभाग के अधिकारी व आईओसी के अधिकारी शामिल हैं। जल्द ही कारण सामने आएगा। -अमन मित्तल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मध्य रेलवे नागपुर मंडल

# लोकशाही दिन कार्यक्रम में 9 मामलों का हुआ निपटारा

**कामठी.**

राज्य सरकार के आदेश अनुसार तहसील कार्यालय में लोकशाही दिन में आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार गणेश जगदाले की अध्यक्षता में 9 मामलों का निपटारा हुआ। जिससे आवेदकों को तत्काल राहत मिली।

लोकशाही दिन कार्यक्रम की शुरुआत तहसीलदार गणेश जगदाले के हस्ते दीप प्रज्वलन कर की गई। लोकशाही दिन कार्यक्रम में 9 मामले रखे गए थे। जिसका संबंधित विभाग द्वारा निराकरण किया गया। तहसीलदार गणेश जगदाले ने इस अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए कहा कि लोकशाही दिन कार्यक्रम में राज्य सरकार के सभी सरकारी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित होते हैं। ऐसे में नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखनी चाहिए।

जिससे उनकी शिकायतों का निपटारा इसी दिन हो जाए। सरकार ने नागरिकों के लिए यह एक अच्छी सुविधा उपलब्ध करायी है। जिसका सभी ने लाभ लेने चाहिए, ऐसा आह्वान किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजाराम बमनोटे, नायब तहसीलदार उपेश अंबादे आदि अधिकारी भी प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# महिला बॉक्सिंग महाराष्ट्र अजिंक्यपद प्रतियोगिता संपन्न



**कामठी.**

बॉक्सिंग असोसिएशन कामठी तालुका और नागपुर महानगर क्षेत्र बॉक्सिंग असोसिएशन द्वारा आयोजित वरिष्ठ महिला बॉक्सिंग महाराष्ट्र राज्य अजिंक्यपद प्रतियोगिता 2024- 25 का 13 से 14 फरवरी तक तालुका क्रीडा संकुल कोराडी में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 65 खिलाड़ियों ने सहभाग लिया। जिसमें 10 खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक जीता। वहीं 45 किलो गट में जाणवी चुरी, 48 किलो गट में देविका घोरपडे, 51 किलो गट में सिम्रन वर्मा, 54 किलो गट में आर्या बरटक्के, 57 किलो गट में पूनम कैथवास, 60 किलो गट में दिशा पाटिल, 65 किलो गट में गौरी मुरमूरकर, 70 किलो गट में विधि रावल, 75 किलो गट में ऋचा पाटील, 80 किलो गट में ऋतुजा देवकर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ज्ञात हो कि वे होने वाले राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिये चयन किए गए। खिला को बक्षीस दे कर मार्गदर्शन के लिए कार्यक्रम दौरान राजेश रंगारी (पूर्व नगर अध्यक्ष महादुला), गिरीश पवार (शिव छत्रपती अवॉर्ड ), मनोज पिंगले (ऑलिम्पियन इन बॉक्सिंग), प्रा. डॉ जयंत रामटेके, बाबा ठाकूर, भव्याशाली बागडे मॅडम, डॉ.तिवारी सर, ओसवाल सर, डॉ. राकेश तिवारी, वाघमारे सर, अरुण बटे, सुदेश शेंडे, पंकज नालेंद्रवार आदि गणमान्यों के हस्ते पुरुस्कार वितरित कर मार्गदर्शन करते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन आयुष शेंडे द्वारा व्यक्त किया गया।

# महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

**सावनेर.**



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए नगर के प्राचीन शिवालयों में तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। मंदिरों में 'हर हर महादेव' के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया है। बेलपत्र, धतूरा और शमीपत्र की मांग बढ़ने लगी है, और श्रद्धालु भगवान शिव को प्रसन्न करने की तैयारियों में जुट गए हैं।

पुराणों में प्रसिद्ध 'यमराज की ससुराल' के रूप में विख्यात पहलेपार के कोलार नदी तट पर स्थित प्राचीन हेमाड़पंथी शिव मंदिर में विशेष आयोजन की तैयारी हो रही है। इस ऐतिहासिक मंदिर में हजारों वर्ष पूर्व वीरकर्मा राजा की पुत्री नलिनी ने शिवलिंग की स्थापना की थी। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण और नारद मुनि की मध्यस्थता से यमराज का विवाह यहीं संपन्न हुआ था। यह मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर आते हैं और पूर्ण होने पर कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत 21 से 28 फरवरी तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

भक्तों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त करें।

# श्री संत गजानन महाराज, साईबाबा और माता तुलजाभवानी मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा समारोह

**कोंढाली.**

जीवन आधार बहुउद्देशीय सामाजिक संस्था नागपुर, श्री संत गजानन महाराज उत्सव समिति, एवं श्री संत गजानन महाराज नगरी कोंढाली के सहयोग से श्री संत गजानन महाराज प्रकट दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 19 से 20 फरवरी के बीच कोंढाली तरोड़ा मार्ग पर श्री संत गजानन महाराज नगरी कोंढाली के भव्य प्रांगण में भव्य दिव्य समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह के अवसरपर श्री संत गजानन महाराज, श्री संत साईबाबा ,आई तुलजाभवानी की मूर्तियों एवं श्री संत गजानन महाराज के पादुकां के प्राणप्रतिष्ठा समारोह 19 फरवरी बुधवार को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक होगा। श्री संत साईबाबा, श्री संत गजानन महाराज,आई तुलजाभवानी की मूर्तियों को धार्मिक शास्त्रों के अनुसार पूर्ण रूप से स प्रणा प्रतिष्ठा का धर्मोत्सव संपन्न होगा. श्री संत साईनाथ महाराज एवं श्री संत साईबाबा आई तुलजाभवानी की प्राणप्रतिष्ठा के साथ ही ढोल मंजींरो तथा करतल ध्वनि, भक्तों के जयकारों एवं ब्रह्मवृंदा के मंत्रोच्चार के बीच हजारों भक्तों की उपस्थिति में श्री संत गजानन महाराज एवं श्री संत साईबाबा आई तुलजाभवानी की प्राणप्रतिष्ठा श्री संत गजानन महाराज के पादुकांकी भी प्राण प्रतिष्ठा होगी।





शाम 04 बजे से 06 बजे तक मां तुलजा भवानी भवानी का गोंधल का आयोजन किया गया है, शाम 07 बजे से 08 बजे तक पूज्य राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की सामूहिक प्रार्थना की जाएगी। इसी प्रकार, गुरुवार 20 फरवरी को श्री संत गजानन महाराज के प्राकट्योत्सव के अवसर पर सुबह 06 से 07 बजे तक अभिषेक पूजा, दोपहर 12 से भाविकों के आगमन तक महाप्रसाद का आयोजन किया गया है. शाम 05 बजे सुमधुर एवं संगीतमय भक्तिगीतों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी श्री संत गजानन महाराज नगरी एवं जीवन आधार बहुउद्देशीय सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने दी है।

# सावनेर में संत सेवालाल महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

**सावनेर.**



सावनेर नगर में बंजारा समाज द्वारा संत सेवालाल महाराज की 286वीं जयंती बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के नायक प्रा. राजेश पवार के निवास स्थान पर संत सेवालाल महाराज की प्रतिमा का पूजन, माल्यार्पण और प्रसाद अर्पण किया गया।

जयंती समारोह के दौरान जिला परिषद आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित रोहिदासजी आड़े का विशेष सत्कार किया गया। उन्हें शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर को और विशेष बनाने के लिए बंजारा समाज की महिलाओं ने अपने पारंपरिक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर गया। समारोह के अंत में समाज के सभी सदस्यों ने सामूहिक भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के संरक्षक जयसिंह राठौड़, निसर्ग पवार, ओमप्रकाश पवार, ज्ञानेश्वर जाधव, सुजीत आड़े, सुनील राठौड़, आशीष पवार, युवराज पवार, आजेस पवार, गणेश जाधव, ओम चव्हाण, चंद्रभान चव्हाण, बालू राठौड़ (पीएसआई), अरुण राठौड़ (पीएसआई), सुभाष रुढे, माणिक शेरे, किशोर राठौड़, श्रीनिवास राठौड़, शिवाजी जाधव सहित अन्य समाज बंधुओं का विशेष सहयोग रहा।

यह आयोजन समाज में एकता, सांस्कृतिक धरोहर और संत सेवालाल महाराज के आदर्शों को बनाए रखने का प्रेरणादायक संदेश दे गया।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का नामकरण समारोह संपन्न

**सावनेर.**

सामाजिक क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा, संघर्ष और वैचारिक क्रांति के प्रतीक स्वर्गीय अण्णा कुबिटकर केलवद की स्मृति में सावनेर स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) का नाम बदलकर स्वर्गीय अण्णाजी कुबिटकर शासकीय आईटीआई सावनेर कर दिया गया। यह नामकरण समारोह 18 फरवरी 2024 को मान्यवरों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

स्वर्गीय अण्णाजी कुबिटकर ने अपने जीवन को समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने समाज को संगठित कर सामाजिक विकास में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने समाज के प्रति एक आम व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रेरणादायक आदर्शों की अमूल्य धरोहर सौंपी। कार्यक्रम का शुभारंभ व अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ.



आशीष देशमुख के करकमलों द्वारा किया गया, जिन्होंने समारोह की अध्यक्षता भी की। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता श्रीधरजी गाडगे ने अपने विचार साझा किए। विशेष अतिथि के रूप में उद्धव कुबिटकर, ताराचंद गांधी, मनोहर कुंभारे, अशोकजी धोटे, अरविंदजी लोधी, संजय भोंगे, प्रेमचंद पाटिल, राम मोवड़े, मंदार मांगले, राजू घुगल और किशोर धुंडेले उपस्थित रहे। उद्बोधन में सामाजिक प्रेरणा विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने अपने उद्बोधन में कौशल विकास की आवश्यकता और भविष्य में देश-विदेश में उद्योगों के लिए आवश्यक दक्ष मानव संसाधन तैयार करने में इस संस्था की भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्थान के प्राचार्य पी.बी. नांदुरकर ने स्वागत भाषण में संस्था की उपलब्धियों व इस नामकरण की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। स्वर्गीय अण्णा कुबिटकर के समाज सेवा में योगदान का विस्तृत विवरण डॉ. राजीव पोतदार ने दिया। स्व. अण्णा के सुपुत्र उद्धव कुबिटकर ने उनके जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों को साझा किया। सफलता में सभी का सहयोग कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचार्य पी.बी. नांदुरकर, एन.एन. भोयर (ग्रुप डायरेक्टर), शिल्प निर्देशक पोतदार, अकोटकर, रंगारी, उइके, कटरे, रंगणकर, काकड़े, राठौड़, सुरजुसे, मालेकर, पुसम, बालाजी, सोनटक्के, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी, सुरक्षा गार्ड और प्रशिक्षु विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन लोही सर ने किया तथा आभार प्रदर्शन हरिष भूरे ने किया। इस नामकरण समारोह ने सभी को सामाजिक सेवा और समर्पण की प्रेरणा दी।

# ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओ पर हुई बैठक



**कन्हान.**

ईवीएम हटाओ भारत बचाओ, बैलेट पेपर लाओ संविधान बचाओ इस विषय को लेकर कन्हान शहर में अजय चव्हाण, नितिन मेश्राम, अखिलेश मेश्राम, अश्वमेघ पाटील, महेश धोंगडे, चिराल वैद्य, संदीप शेंडे आदि की प्रमुख उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन किया गया।

देश के सभी जिला तथा तहसील व गांवों में ईवीएम मशीन को लेकर चल रहे आंदोलन के सदस्य जैसे नागपुर, गुजरात, गोंदिया, नाशिक आदि क्षेत्रों के सदस्यों से शहर का युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुआ। बैठक में शामिल हुए युवाओं ने ईवीएम मशीन को लेकर सवाल-जवाब किया। ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओ आंदोलन के लिए सभी से तन-मन-धन से सहयोग की अपील की गई। बैठक में बडी संख्या में क्षेत्र के युवा उपस्थित थे।

सभी ने अपनी राय इस मौके पर दी। बैठक में संचालन तथा आभार प्रदर्शन सामाजिक कार्यकर्ता संदीप शेंडे द्वारा किया गया।

# उदास बंसोड अन्याय निवारण समिति के जिला उपाध्यक्ष बने

**कामठी.**



जनकल्याण समाजोन्नती अन्याय भ्रष्टाचार निवारण समिति के संस्थापक अध्यक्ष डी.वी.गवई द्वारा कुंभारे कॉलोनी निवासी आंबेडकरी आंदोलन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता उदास बंसोड को नागपुर ज़िला का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्हें समाज में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक आवाज के रूप में जाना जाता है।

जिला उपाध्यक्ष उदास बंसोड़ ने इस नियुक्ति पर संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.वी. गवई, विदर्भ अध्यक्ष भगवान चांदेकर, जिला अध्यक्ष राजेंद्र नवघारे सहित अन्य उच्च पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है इस नियुक्ति पर कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष गुड्डू मानवटकर, दिपंकर गणवीर, सुमित गेडाम, सुभाष सोमकुवर, अनुभव पाटील, अंकुश बांबोर्डे, विलास बन्सोड, आनंद मेश्राम, महेंद्र कापसे, दिनेश पाटील,अनिल पाटील ,आशीष मेश्राम, नागसेन सुखदेवें, राजन मेश्राम, विलास वाघमारे, रायभान गजभिये, कृष्णा पटेल, सलमान अब्बास सहित अन्य गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष उदास बंसोड़ का अभिनंदन किया है।

# वाड़ी पुलिस और एमआईडीसी यातायात विभाग की संयुक्त कार्रवाई, नाकाबंदी अभियान शुरू

**वाडी.**

वाडी पुलिस और एमआईडीसी यातायात विभाग ने शहर में यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और अपराधों पर नियंत्रण रखने के लिए संयुक्त रूप से नाकाबंदी अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत सोमवार शाम से वाडी नाका नंबर 10 पर लगातार वाहनों की जांच की जा रही है।

जांच के दौरान टू-व्हीलर, कार और भारी वाहनों को रोककर आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। अभियान के दौरान एक चोरी की टू-व्हीलर बरामद की गई है, जो इस कार्रवाई की सफलता को दर्शाती है। इसके अलावा, बिना



नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने, ओवरलोडिंग और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि शहर में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। नाकाबंदी अभियान में पीएसआई ध्यानेश्वर सनप, एमआईडीसी यातायात विभाग के प्रफुल्ल भगत, प्रतीक गायकवाड़, प्रकाश काटकर, देवराव हलामी, रमेश काळबांडे, पोहवा, अश्वीन डोगरे, स्नेहदीप शेन्डे, अनिकेत यादव, विनोद मानिकपंच और गौरव प्रशांत बावणे ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्रवाई वाडी पुलिस स्टेशन के पीआई राजेश तटकरे, एमआईडीसी यातायात विभाग के पीआई सारंग मिराशी और एपीआई विजय धुमाल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न की गई। देशवासियों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और प्रशासन को सहयोग दें, ताकि सभी के लिए सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। आपका समाचार लेख तैयार हो गया है। अगर इसमें किसी बदलाव या सुधार की आवश्यकता हो, तो कृपया बताएं।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### कमलबाई जनार्दन पंडे



**नागपुर.** रामटेक गड मंदिर स्थित श्री लक्ष्मण स्वामी मंदिर के पुजारी राम पंडे की मां कमलबाई जनार्दन पंडे उम्र ९२ वर्ष, इनका देहावसान १७ फरवरी को हुआ, उनका अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर अंबाला मोक्षधाम में किया गया, वह अपने पीछे भरा-पूरा शोक-संतप्त परिवार छोड़ गई हैं.

### उकंडराव थुल



**वर्धा.** स्मृतीशेष उकंडराव नागोराव थूल उम्र 98 का वृद्धापकाल से दुःखद निधन हो गया है. स्थानीय शमशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया गया. उनके पश्चात दो बेटे डॉ. प्रदीप थूल, राजू थूल और बड़ा परिवार है.

# गर्मी की शुरुआत में पारा चढ़ा 35 डिग्री सेल्सियस

## सर्दी-खांसी और दमा के मरीजों की संख्या में वृद्धि

**हिंगनघाट.**



फरवरी माह में गर्मी ने दस्तक दे दी है और शुरुआती गर्मी की तपिश अब महसूस की जाने लगी है। हालांकि सुबह और शाम को हल्की ठंडक रहती है, लेकिन दोपहर की चुभती धूप लोगों को परेशानी में डाल रही है। इस बदलते मौसम का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है, जिनमें सर्दी, खांसी और दमा जैसी बीमारियों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है।

पिछले कुछ दिनों से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। वर्तमान में तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है। मकर संक्रांति के बाद ठंड का प्रभाव कम हुआ, लेकिन अब दोपहर की गर्मी ने लोगों को पंखे और ठंडे पेय पदार्थों की ओर मोड़ दिया है। वहीं, मच्छरों की संख्या में भी इजाफा हुआ है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सुबह और शाम की ठंडक तथा दोपहर की गर्मी के कारण बच्चों में सर्दी-खांसी, बुखार और उल्टी जैसी शिकायतें बढ़ रही हैं। पहले जो सर्दी-खांसी चार-पांच दिनों में ठीक हो जाती थी, अब वह लंबी खिंच रही है। ऐसे में डॉक्टरों की सलाह है कि बच्चों की सेहत का विशेष ध्यान रखा जाए। तेजी से बढ़ते तापमान के साथ बाजार में भी हलचल बढ़ गई है। गर्मी से राहत देने वाले गन्ने के रस, नींबू पानी, लस्सी और छाछ की दुकानों ने ग्राहकों को आकर्षित करना शुरू कर दिया है। वहीं, कूलर विक्रेताओं ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। कूलर बनाने वाली फैक्ट्रियां और भूसा बेचने वाले व्यापारियों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। गर्मी की इस शुरुआती दस्तक के साथ ही लोग सावधानी बरतते हुए चश्मा, रूमाल और टोपी का उपयोग करने लगे हैं, ताकि तेज धूप से खुद को सुरक्षित रख सकें। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि इस बदलते मौसम में सतर्क रहना और स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

- डॉक्टर की सलाह: डॉ. गोपी आस्कर (बाल रोग विशेषज्ञ) बच्चों को पर्याप्त पानी पिलाएं।
- बाहर की खुली हुई खाने-पीने की चीजों से परहेज करें।
- किसी भी तरह के घरेलू इलाज को नजरअंदाज करें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से परामर्श लें।
- गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां:
- पर्याप्त पानी पिएं और हल्के, ढीले व सफेद कपड़े पहनें।
- धूप से बचने के लिए टोपी, स्कार्फ या छाते का उपयोग करें।
- अत्यधिक जरूरी न हो तो दोपहर की धूप में बाहर जाने से बचें।
- बर्फ वाले खाद्य पदार्थों से दूर रहें, क्योंकि वे हीटस्ट्रोक का कारण बन सकते हैं।
- सनबर्न की स्थिति में तुरंत चिकित्सीय सलाह लें।

# वडनेर में ट्रक की टक्कर में चार बंदरों की मौत

**हिंगनघाट.**



वडनेर में श्री साईबाबा लोक प्रबोधन कला महाविद्यालय के सामने कल शाम एक दुखद घटना घटी, जिसमें तीन बंदरों को तेज़ गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना के समय ये बंदर रोड पर खेल रहे थे, जिससे दो बंदर मौके पर ही मारे गए। एक बंदर घायल हुआ, जिसे प्रफुल रघाटाटे ने पास के पशु चिकित्सालय में इलाज के लिए ले जाया, लेकिन अस्पताल बंद होने के कारण घायल बंदर का इलाज नहीं हो सका और वह भी दम तोड़ गया।

इस मामले में हिंगणघाट के वन अधिकारी स्नेहल सुखदेव ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की और मृतक बंदरों का अंतिम संस्कार जेसीपी बुलाकर किया। इस अवसर पर प्रफुल रघाटाटे, प्रफुल देवतले, बालू कुबडे, उमेश घोडमारे, प्रकाश पडवे, दर्शन महाजन, सचिन महाजन और वन अधिकारी स्नेहल सुखदेव ने सहयोग किया।

इससे पहले, प्रफुल रघाटाटे ने वन अधिकारी को सूचित किया था कि साईबाबा कॉलेज के पास एक बंदर मृत अवस्था में मिला है। लेकिन इसके बाद मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए यह स्पष्ट हो रहा है कि इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की संख्या अधिक हो रही है, जिसमें रोज़ बंदरों की जान जा रही है।

# आज से श्री संत गजानन महाराज प्रकट दिन का आयोजन

**पुलगांव.**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नाचणगांव के लोखंडे लेआउट स्थित गजानन नगर में दिनांक 19 व 20 फरवरी 2025 को ब्रह्मांडनायक श्री संत गजानन महाराज के प्रकट दिन समारोह का आयोजन किया गया है। इस पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार, 19 फरवरी की सुबह श्री महाराज के अभिषेक और विधिवत कलश स्थापना, पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ होगी। रात्रि 9 बजे पुलगांव-नाचणगांव के वंदनीय राष्ट्रसंत श्री तुकड़ोजी महाराज भजन मंडल द्वारा खंजिरी भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बनाया जाएगा।

गुरुवार, 20 फरवरी को सुबह 9 से 12 बजे के दौरान श्री महाराज की दिंडी और पालखी समारोह निकाला जाएगा। दोपहर 1 से 3 बजे के बीच बोरगांव (मेघे) से पधारे हभप जनार्दन राऊत एवं उनके सहयोगी मंडली द्वारा गोपाल काला कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें श्री संत गजानन महाराज की महिमा और गुणगान का वर्णन किया जाएगा।

संध्या 6 से रात्रि 10 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। यह संपूर्ण कार्यक्रम श्री संत गजानन महाराज मंदिर, लोखंडे लेआउट, गजानन नगर, चिंतामणी कॉलोनी के पास, नाचणगांव में संपन्न होगा। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से इस पवित्र और पुण्य अवसर पर सहपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

# रास्ते पर बाघ का आतंक और भयभीत विद्यार्थी

## > भवानपुर गांव में बस सेवा शुरू करने की मांग

**हिंगनघाट.**

भवानपुर गांव के रास्ते पर हमेशा बाघ का आतंक बना रहता है। हाल ही में इसी मार्ग पर वाहन की टक्कर से एक बाघिन के बछड़े की मौत हो गई थी, जिसके बाद से बाघिन और अधिक आक्रामक हो गई है और बार-बार इसी रास्ते के झाड़ियों में दिखाई देती है। इस डरावने माहौल में किसानों, खेत मजदूरों और राहगीरों के मन में दहशत का वातावरण व्याप्त है।



इसी भय के बीच भवानपुर गांव की बस सेवा बंद होने से विद्यार्थियों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के छात्र-छात्राओं को भवानपुर पाटी से 4 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करनी पड़ती है, जिससे न केवल उन्हें शारीरिक कष्ट हो रहा है बल्कि उनकी पढ़ाई पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस समस्या को हल करने के लिए स्थानीय शिवसेना शाखा ने बस सेवा फिर से शुरू करने की मांग की है। उद्धव बालासाहब ठाकरे शिवसेना पार्टी के वरिष्ठ शिवसैनिक सीताराम भुते की उपस्थिति में हिंगनघाट आगार के शाखा प्रमुख को ज्ञापन सौंपा गया। भवानपुर गांव समुद्रपुर-गिरड मार्ग से उत्तर दिशा में 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस गांव को जाने वाला रास्ता भी पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। गांव के नागरिकों और विद्यार्थियों को सरकारी कार्यों और शिक्षा के लिए पाईकमारी, समुद्रपुर और हिंगणघाट जैसे स्थानों पर रोजाना आना-जाना पड़ता है।

लेकिन बस सेवा के अभाव में यह काम अत्यंत कठिन हो गया है। वर्तमान में शालेय परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और विद्यार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की चिंता सताने लगी है। इसके साथ ही बाघ का भय भी विद्यार्थियों और उनके परिजनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। जंगल में छिपा बाघ कब और किस पर हमला करेगा, यह कहना मुश्किल है।

### आवश्यकता है तत्काल निर्णय की

स्थानीय नागरिकों और विद्यार्थियों को इस कठिनाई से राहत दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से तत्काल भवानपुर मार्ग की दुर्दशा को सुधारने और सुबह 9 बजे तथा शाम 6 बजे की बस सेवा शुरू करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में प्रभाकर सेलोरे, गजानन गौरकर, दुर्गा नेहारे, जीवन डुकरे, अंबादास कसारे, मीरा कसारे, अशोक बुरटकर, विजय खोंडे, पंजाब खोडे, मनोहर राऊत, गजानन राऊत, सुग्रीव महाकालकर, ज्ञानेश्वर राऊत, विनोद न्याहारे, शुभम कसारे, प्रतीक्षा कसारे, हरेकृष्ण अंबाडरे, प्रवीण कोरडे, प्रवीण खुंडे, कृष्णा कुडमते, विशाल कुंडे, वैशाली बुरटकर, बालू बुरटकर सहित अन्य नागरिक शामिल थे।

# जुलाई से बेलोरा एयरपोर्ट पर पायलट ट्रेनिंग होगी शुरू

## > 108 पायलटों को किया जाएगा भर्ती

**अमरावती.**



जुलाई से बेलोरा एयरपोर्ट पर पायलट ट्रेनिंग शुरू होगी। यह टाटा ग्रुप के एयर इंडिया का प्रोजेक्ट है और यहां 180 पायलटों को भर्ती किया जाएगा। इसके मुताबिक पुराने एयरपोर्ट पर निर्माण शुरू हो गया है। यह पायलट प्रशिक्षण केंद्र अमरावती जिले के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। बेलोरा हवाई अड्डे के विभिन्न विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। अब केवल विमानों के 'उड़ान भरने' का इंतजार है। इसी तरह, केंद्र सरकार ने अमरावती में राज्य के सबसे बड़े पायलट प्रशिक्षण केंद्र को मंजूरी दे दी है। दरअसल, इस प्रोजेक्ट का निर्माण भी शुरू हो चुका है। एक बार जब यह 'पायलट प्रशिक्षण' परियोजना शुरू हो जाएगी, तो देश भर से पायलटों के प्रशिक्षण के लिए अमरावती आने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र हवाई अड्डा विकास प्राधिकरण ने बेलोरा हवाई अड्डे पर प्रस्तावित एयर इंडिया पायलट प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के लिए भी पहल की है।

यह परियोजना बेलोरा हवाई अड्डे के पुराने क्षेत्र में 10 एकड़ की जगह पर पूरी की जा रही है। पायलट प्रशिक्षुओं के लिए एक अलग अकादमी कक्ष के साथ-साथ आधुनिक छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं जुटाई जा रही हैं।

# विद्यार्थियों के खाते में जमा नहीं हुई किश्त


**गोंदिया.** राज्य में ओबीसी विद्यार्थियों के लिए 52 सरकारी छात्रावास खोले गए. लेकिन, विद्यार्थियों की अधिक संख्या के कारण जिन लोगों को छात्रावास में प्रवेश नहीं मिला, उनके लिए ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले आधार योजना है. ओबीसी समुदाय व्यावसायिक और गैर-आधार योजनाओं के माध्यम से छात्रों को सहायता देने की मांग को लेकर 20 फरवरी को राज्य में विभिन्न स्थानों पर आंदोलन किया जाएगा.

यह चेतावनी सचिन राजुरकर ने दी है. इस योजना के अंतर्गत पूरी राशि फरवरी 2025 तक अन्य पिछड़ा वर्ग, विमुक्त जाति, घुमंतू जनजाति तथा विशेष पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के बैंक खातों में जमा कर दिए जाने की उम्मीद है. लेकिन पहली किस्त का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है.

# डिवाइडर से टकराया तेज रफ्तार दुपहिया वाहन

## दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक अन्य घायल

**यवतमाल.**



दुपहिया वाहन के डिवाइडर से टकराने के चलते एक दुपहिया वाहन चालक की मौत हो गई और पीछे बैठा एक व्यक्ति घायल हो गया। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर हिंगनघाट तहसील में जिमा टेक्स कंपनी के सामने हुई। हादसे में मृत व्यक्ति का नाम खैरी रालेगांव निवासी आशीष दुधे (35) और घायल का नाम छोटू पाटिल (45) है। वडनेर में उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, रालेगांव तहसील के खैरी के रहने वाले आशीष दुधे और छोटू पाटिल दोपहिया वाहन पर खैरी से पोहना होते हुए डोमाघाट जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में नेशनल हाईवे 44 पर येरला गांव के पास जिमा टेक्स कंपनी के सामने उनकी तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में आशीष दुधे के सिर डिवाइडर से टकरा गया और उसका खून बहने लगा।

अधिक खून बहने के चलते आशीष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद छोटू पाटिल गंभीर रूप से घायल हो गया। वडनेर पुलिस और हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को वडनेर के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**वर्धा.** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर समाजसेवा और राष्ट्रसेवा में सक्रिय 'द हेल्पिंग हैंड्स फैमिली' संस्था द्वारा एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 19 फरवरी 2025 को दुर्गा माता उत्सव समिति, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, वर्धा में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

इस शिविर में एकत्रित किया गया रक्त ज़रूरतमंद मरीजों की जान बचाने के लिए उपयोग किया जाएगा। संस्था ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। संस्था के अध्यक्ष अभय लांबट ने कहा, "रक्तदान महादान है। इससे हजारों जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। हम सभी नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे इस सामाजिक उपक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।"

# बांग्लादेशी रोहिंग्या फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामला

## > अमरावती में 6, अकोला में 11 लोगों पर कार्रवाई

**अमरावती.**

अमरावती शहर में बांग्लादेशी रोहिंग्याओं को फर्जी जाति प्रमाण पत्र देने का मामला सामने आया है। फर्जी दस्तावेज जमा करने के आरोप में अमरावती के गाडगेनगर पुलिस स्टेशन में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जन्म प्रमाण पत्र के लिए गलत दस्तावेज देकर प्रशासन को धोखा देने के मामले में 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले अमरावती के अंजनगांव सुर्जी पुलिस स्टेशन में 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद 6 लोगों के खिलाफ कार्रवाई होने से अमरावती जिले में आरोपियों की संख्या 14 हो गई है। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने आज अमरावती तहसील कार्यालय का दौरा किया और उपविभागीय अधिकारी, तहसीलदार से इस विषय में चर्चा की।



अकोला में 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज उधर, अकोला में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में 11 और लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच में पता चला है कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए फर्जी दस्तावेज दिए गए थे। अकोला के रामदासपेठ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले 3 फरवरी को फर्जी दस्तावेज मामले में 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था, जिसके बाद नई कार्रवाई के तहत अकोला पुलिस में अब तक कुल 24 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल संदेह जताया जा रहा है कि अकोला जिले में करीब 80 बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर नागरिकता हासिल कर ली है। किरीट सोमैया ने कहा कि बांग्लादेशी रोहिंग्या आबादी धीरे-धीरे बढ़ रही है। अब मेरा फोकस अमरावती शहर पर है। यहां 5 हजार लोग ऐसे हैं जो यहां के नहीं हो सकते। उन्होंने 50-70 साल पुराने सबूत दिए वो अब तक क्या कर रहे थे। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। मैंने फॉरेंसिक ऑडिट की मांग की है। डेढ़ माह के अभियान में 7 एफआईआर दर्ज की गईं। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने जानकारी दी कि कुछ ही दिनों में उन लोगों का जन्म प्रमाण पत्र रद्द कर दिया जाएगा, जिनका जन्म प्रमाण पत्र सरकार द्वारा जारी किया गया है। इसलिए अगले चरण में जिन लोगों पर आरोप लगाया गया है वे बताएंगे कि उनका जन्म कहां हुआ था।

# हिंगनघाट बस स्टैंड के महिला शौचालय में नवजात शिशु मिलने से मचा हड़कंप



**हिंगनघाट.**

शहर के बस स्टैंड स्थित महिला शौचालय में एक नवजात शिशु का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह घटना सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे उस समय सामने आई, जब कोरा जाने वाली एक महिला यात्री ने शौचालय में दुर्गंध महसूस की और इसकी सूचना शौचालय के चौकीदार को दी।

महिला यात्री ने बताया कि दुर्गंध शौचालय में रखे कूड़ेदान से आ रही थी। चौकीदार ने जब कूड़ेदान को खोलकर देखा तो उसमें एक नवजात शिशु मृत अवस्था में मिला। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोग स्तब्ध रह गए। तुरंत ही इसकी जानकारी बस स्टैंड प्रशासन को दी गई। प्रशासन ने तत्काल हिंगनघाट पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक मनोज गभने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए हिंगनघाट उप-जिला अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नवजात को कूड़ेदान में किसने और क्यों छोड़ा। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

इस हृदयविदारक घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। आम नागरिकों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश और दुःख है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस संबंध में कोई जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### डीवाईएसपी रोशन पंडित का बयान

इस मामले में डीवाईएसपी रोशन पंडित ने कहा, "मृत शिशु की उम्र कितनी है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल बस स्टैंड परिसर और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। तकनीकी जांच जारी है। यदि किसी नागरिक को कोई जानकारी मिले, तो वे तुरंत पुलिस से संपर्क करें।" पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना का पूरा खुलासा हो सकेगा।

# एसईसीआर महाकुंभ के लिए चला रही हैं विशेष ट्रेन

## > 23 फ़रवरी तक गोंदिया से चलेंगी स्पेशल एक्सप्रेस

**गोंदिया.**

तीर्थराज प्रयाग में शुरू महाकुंभ में रोजाना करोडो की संख्या में लोग स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। महाकुंभ को लेकर लोगों में किस तरह का उत्साह है इसी से समझा जा सकता है कि, उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक सड़क हो या रेल मार्ग लोगों की भीड़ दिखाई दे रही। शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई, जहां ट्रेन में चढ़ने को लेकर हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। लोगों की बढ़ती भीड़ को देखते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गोंदिया रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन 18 से 23 फ़रवरी के बीच चलाई जाएगी।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा संचालित यात्रा के लिए गाड़ी संख्या 08867 गोंदिया-टूंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 18 फरवरी को गोंदिया से चलाई गई है।

महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेनों में व्यस्ततम समय के दौरान रेल यात्रियों को अधिकतम निश्चित बर्थ/सीट की सुविधा प्रदान करना। इसी प्रकार विपरीत दिशा में 08868 टूंडला-गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन भी 19 फरवरी को टूंडला से चलाई जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पर चलने वाली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटपारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी, मैहर, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज, फतेहविंदपुर में रुकेगी। यह ट्रेन गोंदिया से सुबह 8:20 बजे रवाना होगी और डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर होते हुए अगले दिन सुबह 9:30 बजे टूंडला पहुंचेगी। इसी दिशा में यह ट्रेन टूंडला से सुबह 11:30 बजे प्रस्थान कर इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मानिकपुर होते हुए दोपहर 15:20 बजे गोंदिया पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 08863 इतवारी-टूंडला 20 फरवरी को तथा ट्रेन संख्या टूंडला-इतवारी 21 फरवरी को चलेगी। यह ट्रेन भंडारा रोड, तुमसर, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, मदनमहल, कटनी, मैहर, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा रेलवे स्टेशनों पर रुकेगी।

23 फरवरी को ट्रेन संख्या 08868 गोंदिया-टूंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन गोंदिया से चलाई जा रही है। इसी प्रकार विपरीत दिशा में 08870 टूंडला गोंदिया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन 24 फरवरी को टूंडला से किया जाएगा, ऐसा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य प्रबंधक ने बताया।

# मंदिरों का महाकुंभ आईटीसीएक्स 2025 तिरुपति में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गोवा के मुख्यमंत्री एक मंच पर

> दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर सम्मेलन 'आईटीसीएक्स 2025 ' का तिरुपति में भव्य उद्घाटन समारोह
> महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने इस प्रतिष्ठित सभा को संबोधित किया
> प्रधानमंत्री मोदी ने इस उत्सव को 'वसुधैव कुटुम्बकम' कहते हुए विशेष संदेश में सराहा

**नई दिल्ली.**

तिरुपति के आशा कन्वेन्शन सेंटर में 17 फरवरी को सम्पन्न हुए "आंतरराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी 2025 यानी आईटीसीएक्स 2025 " के उद्घाटन समारोह में भारत के मंदिरों के विरासत को पुनः जागृत करने की मुहिम पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व, मीडिया, भक्त और भागीदार एकत्र हुए थे. यह तीन दिवसीय कार्यक्रम आईटीसीएक्स के अध्यक्ष और महाराष्ट्र विधान परिषद के मुख्य प्रतोद प्रसाद लाड और आईटीसीएक्स और टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी की अगुवाई में आयोजित किया गया और अंत्योदय प्रतिष्ठान के सहयोग से हो रहा है.



**सम्मेलन में भाग लेने वाले मान्यवर**

चंद्रबाबू नायडू, देवेंद्र फडणवीस, डॉ. प्रमोद सावंत, श्रीपाद नाईक,आचार्य गोविंद देव गिरीजी महाराज, सी. आर. मुकुंदा, अनागणी सत्य प्रसाद, आशीष शेलार, विश्वजीत राणे, मेघना बोर्डिकर, रोहन खांटे, प्रविण दरेकर, बी. आर. नायडू, नीता लाड

कार्यक्रम का प्रारंभ पनवेल, नवी मुंबई के युवा नाद ढोल ताशा पथक के वादन से हुआ,दुनिया के सबसे बड़े मंदिर उत्सव की शुरुआत पुजारी महाराज ने गणेश स्थापना, आशीर्वचन और गणपति अथर्वशीर्ष पाठ से की, जिससे सभा में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ, मान्यवरों ने दीप प्रज्वलित कर ईश्वर और पुजारी महाराज का आशीर्वाद लिया. दीप प्रज्वलन के साथ ही इस समारोह के आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए देश के सर्वोच्च कार्यालय से एक विशेष पत्र प्राप्त हुआ. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आईटीसीएक्स 2025 - मंदिरों का महाकुंभ' पर अपने संदेश में धन्यवाद व्यक्त किया, पत्र में उन्होंने कहा कि आईटीसीएक्स 2025 एक अद्वितीय पहल है जो हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धर्मों के विभिन्न मंदिरों के विश्वस्तों, प्रशासकों और संबंधित व्यक्तियों को एकत्र करता है, यह एक तरह से 'वसुधैव कुटुम्बकम' के विचार का उत्सव है, जो पृथ्वी को एक परिवार के रूप में देखने की भावना उत्पन्न करता है, यह बात प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में रेखांकित की. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भी टेम्पल कनेक्ट द्वारा मंदिरों को एकजुट करने के लिए आईटीसीएक्स 2025 के माध्यम से किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए एक आभासी संदेश दिया, इस दौरान प्रसाद लाड ने "धर्मो रक्षति रक्षित" यह शास्त्रवचन उद्धृत किया. "यदि हम धर्म का रक्षण करेंगे, तो धर्म भी हमारा रक्षण करेगा. "उत्स्फूर्त प्रतिसाद , मान्यवरों की सहभागिता, और अंतर्दृष्टिपूर्ण चर्चाओं ने इस सम्मेलन की आवश्यकता को फिर से सिद्ध किया," यह बात आईटीसीएक्स 2025 और टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी ने कही,आईटीसीएक्स के दूसरे दिन मंदिरों को आधुनिक नवाचारों से कैसे परिवर्तित किया जा सकता है, इस पर चर्चा की जाएगी, जिसमें स्मार्ट मंदिर मिशन, मंदिर-आधारित चैरिटेबल कार्यों पर सरकारी निगरानी, और समग्र सामाजिक विकास के लिए रणनीतियों का समावेश होगा. दूसरे दिन उपस्थित होने वाले मान्यवरों में मिलिंद परांडे (महासचिव, विश्व हिंदू परिषद), के. अण्णामलाई (राज्य अध्यक्ष, भाजपा, तमिलनाडु), सुरेश हावरे (माजी अध्यक्ष, साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट शिर्डी),रोहन खांटे (गोवा पर्यटन मंत्री) और युधिष्ठिर गोविंदा दासजी (संचार निदेशक, इस्कॉन, भारत) शामिल हैं।

### पहले दिन उपस्थित रहे प्रमुख अतिथियों के विचार

मुख्य अतिथि और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का भाषण तकनीकी विकास और भारत की आर्थिक सुधारों के समर्थन से भरा हुआ था.आईटीसीएक्स २०२५ द्वारा मंदिरों के लिए एआई आधारित एकत्रीकरण, फिनटेक समाधान, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण पर ध्यान देने की उन्होंने सराहना की। "भारत एक युवा देश है और हमारी युवा पीढ़ी हमारी जनसांख्यिकीय शक्ति है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और मुख्य अतिथि देवेंद्र फडणवीस ने आईटीसीएक्स 2025 के महत्व को रेखांकित करते हुए उनकी सराहना की और कहा, "मैं टेम्पल कनेक्ट पहल के पीछे की टीम को बधाई देना चाहता हूँ, जो मंदिरों को अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में मदद कर रही है,

अपने भाषण में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने हिंदू राजाओं द्वारा सनातन धर्म के लिए किए गए महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, विदेशी शक्तियों अर्थात् मुगलों, पुर्तगालियों और डचों के भारत पर शासन करते हुए भी, छत्रपति शिवाजी महाराज ने मंदिरों को पुनर्स्थापित करने के लिए अथक प्रयास किए. महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशिष शेलार ने अपने भाषण में कहा, "कलियुग में मुक्ति के लिए भक्ति मार्ग ही सर्वोत्तम मार्ग है। भक्ति का माध्यम मूर्ति है और उस मूर्ति का संरक्षण मंदिर के हाथ में है. मेरी दृष्टि में, अगर कोई मंदिरों और शक्तिपीठों को शुद्ध करने के लिए आगे आया है, तो वह नवनाथ हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त महासचिव सी. आर. मुकुंदा ने टेम्पल कनेक्ट जैसी पहलों के महत्व को स्पष्ट किया, इस पहल के माध्यम से श्रद्धा और भक्ति का संरक्षण और सुदृढ़ीकरण हो सकता है. ये मंदिर हिंदू धर्म और सनातनी मूल्यों और संस्कृतियों का प्रसार गाँव-गाँव में कर सकते हैं।"



# नये फौजदारी कानून पर जन जागृति अभियान संपन्न

**नागपुर.**

कलमना क्षेत्र में बढ़ते अपराधो को देखते हुए कलमना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले वाजपेयी नगर मे थाना प्रभारी प्रवीण काळे के मार्गदर्शन मे सहायक प्रभारी ताना गव्हाणे की अध्यक्षता में पुलिस सांतता समिति की सदस्य व महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग कि सचिव शायदा बेगम अहमद खान ने अपने क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार ए. एम खान, मूलचंद मेहर, भंते धम्मज्योति, मकसूद पटेल की प्रमुख उपस्थिती में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें साहयक प्रभारी गव्हाणे ने कहा कि बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने के लिए और अपराधियो पर कड़ी कार्रवाई कर उन्हें कारागृह मे भेजने के लिए पुलिस तैयार है जिसमें हमे जनता का भी सहयोग चाहिए.

अगर आप के क्षेत्र में कहीं भी किसी भी तरह का अपराध हुआ हो या हो रहा हो जिसकी सूचना आप तुरंत पुलिस को दें या 112 नंबर पर कॉल करके भी सूचना दे सकते है खासकर महिलाओं को नए कायदा भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष अधिनियम 2023 पुराने और नए कायदे की जानकारी दी सभा मे सर्वश्री शेख सकील, रफीक शेख, नासिर खान, वसीम बाबा,सचिन माथाड़े, आरिफ गोरे पठान, कमला धान्डे, सुनीता मेश्राम, रुबीना खान नूरजहाँ शेख, यास्मीन शेख, अरबाज पठान, अंसार, अब्दुल असलम, आरती मेश्राम, सुनीता साहू, अनीता तिवारी, ममता कामड़े,समा प्रवीन, सूफ़िया शेख, रेहाना खान आदि बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे सभा का संचालन पुलिस हेड कांस्टेबल हरनेश परमाल ने किया व आभार प्रदर्शन आहद खान कादरी ने किया.

# कमिन्स महिला महाविद्यालय ने आयोजित किया पथ-नृत्य कार्यक्रम

> त्रिमूर्ति नगर उद्यान में विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन





**नागपुर.**

महर्षी कर्वे स्त्री शिक्षण संस्था, पुणे द्वारा संचालित कमिन्स अभियांत्रिकी महिला महाविद्यालय, नागपुर ने शनिवार, 15 फरवरी को त्रिमूर्ती नगर उद्यान में पथ नृत्य का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के सुप्त कला गुणों को प्रोत्साहित करना था।

हर साल आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष की शुरुआत कमिन्स कॉलेज की विद्यार्थियों द्वारा आयोजित फ्लैशमॉब से जोरदार हुई। कार्यक्रम में 75 विद्यार्थियों ने पथ नृत्य में भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 500 से अधिक दर्शक उपस्थित थे।

### अन्य कार्यक्रम 18 से 25 फरवरी तक हिंगना परिसर में

इस वर्ष के अन्य कार्यक्रम का आयोजन 18 से 25 फरवरी 2025 तक हिंगना परिसर में होने वाला है, जिसमें विभिन्न तांत्रिक, सांस्कृतिक और खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में उपस्थितों को जानकारी दी गई और विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रताप नगर पुलिस विभाग द्वारा पोलीस उपनिरीक्षक शकुंतला गोबाडे ने विद्यार्थियों को नवीन फौजदारी कानून के बारे में जानकारी दी और उनका सत्कार किया। पथ नृत्य का समन्वय प्रो. प्रवीण गोरंटीवार, प्रो. हर्षवर्धन खारपाटे, और प्रो. शैलेश साहू ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर और स्थानीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य श्रीकांत गाडगे और श्रीकांत चितळे भी उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को अभिनंदन दिया।

# साईं बाबा की चरण पादुका यात्रा 23 फरवरी को सौंसर पहुंचेगी


**सौंसर.**



सौंसर शहर स्थित साईं मंदिर में दिनांक 23 फरवरी 2025 को साई बाबा की दिव्य चरण पादुका यात्रा के आगमन के संबंध में आनंद बक्शी ने विभिन्न संगठनों की बैठक में प्रेस वार्ता कर दिव्य चरण पादुका यात्रा के भव्य स्वागत एवं तैयारियों पर चर्चा की. श्री शिर्डी सांई बाबा के जीवन काल में प्रयुक्त चरण पादुकायें जो बाबा ने अपने प्रिय भक्त स्वर्गीय शंकर रघुनाथ देशपांडे उर्फ नाना साहब निमोणकर जी को सन् 1898 में स्वयं प्रदान की थी.यह पवित्र चरण पादुका रविवार 23 फरवरी को पांढुर्णा से सिवनी - राजना होते हुए दोपहर लगभग 12.15 बजे पीपला नारायणवार होते हुए 12.45 पर बजाज जोड़ तथा दोपहर 1.00 बजे सौंसर पहुँचेगी. सभी श्रद्धालु भक्तजनों से प्रार्थना है कि श्री शिर्डी साई बाबा की दिव्य चरण पादुकाओं का स्वागत कर यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें.

# फूड पार्क में चोरी, 50,000 रुपये की नकदी गायब

**बोरगांव.**



मध्य प्रदेश के बोरगांव स्थित "सफल फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लिमिटेड" के परिसर में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने कंपनी के ऑफिस से 50,000 रुपये की नकदी चुराई, जिसकी जानकारी आज सुबह हुई। सुबह करीब 08:00 बजे, जब कंपनी के सुरक्षा गार्ड पीपी सोनी ने फैक्ट्री कार्यालय खोला, तो देखा कि ऑफिस के दराजें खुले हुए थे, और दस्तावेज और सामान बिखरे हुए थे। गार्ड ने स्थिति का निरीक्षण कर प्रबंधक को सूचित किया। इसके बाद कैशियर धर्मेंद्र नाहर ने जाँच की और पाया कि दराज में रखी 50,000 रुपये की नकदी गायब थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान यह पता चला कि एक व्यक्ति, जिसका मुंह कपड़े से ढका हुआ था, कंपनी ऑफिस की खिड़की की ग्रिल को काटकर अंदर प्रवेश किया था। चोर ने रात करीब 01:55 बजे ऑफिस में घुसकर चाकू और कैंटीन के अन्य रसोई उपकरणों की मदद से 'लॉकर तिजोरी' को तोड़ने की कोशिश की।

सीसीटीवी फुटेज में यह पूरी घटना दर्ज हुई। घटना के बाद चोर उसी खिड़की से सुबह 03:10 बजे बाहर निकल गए। प्रबंधक ने तुरंत घटना की जानकारी कंपनी के प्रबंधन और पुलिस को दी है, और मामले की जांच जारी है।

# स्फूर्तिगीत से संगठन को बढ़ाने का भाजपा का प्रयास

**मुंबई.**



महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी में अभी संगठन दौर शुरू है, जिसके तहत पार्टी ने 1.5 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है और विभिन्न माध्यमों से महाराष्ट्र की जनता तक भाजपा की विचारधारा पहुंचाने और उन्हें पार्टी की ओर आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है. इसी कड़ी में भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की अवधारणा पर भाजपा स्फूर्तिगीत बनाया गया है. इस स्फूर्तिगीत का विमोचन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्रजी फडणवीस के शुभ हाथों से किया गया. मुंबई में बीजेपी के सदस्यता महाअभियान 2025 के अंतर्गत आयोजित संगठन पर्व कार्यशाला के दौरान इस स्फूर्तिगीत का विमोचन किया गया. भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है. पहले राष्ट्र, फिर पार्टी और अंत में स्वयं यह भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा रही है, इस विचारधारा को आम जनता तक पहुचाने के लिए और देश के प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में पार्टी को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा संगठन को मजबूत करने का काम कर रही है. भाजपा पार्टी देश को विकास की दिशा देने के लिए काम कर रही है, इसलिए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए स्फूर्तिगीत के विचार को लागू करने का निर्णय लिया है, ऐसा भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने कहा.

भाजपा ने इस प्रेरणादायी स्फूर्तिगीत के माध्यम से भाजपा के उज्ज्वल भारत के विजन को, उसकी कार्यशैली, उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं की निष्ठा और पार्टी के प्रति उनके समर्पण को खूबसूरती से वर्णित और चित्रित करने का प्रयास किया है. भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने विश्वास व्यक्त किया कि यह गीत निश्चित रूप से अनेक बैठकों और सोशल मीडिया के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं में अपनी पार्टी के प्रति सम्मान और प्रेरणा बढ़ाएगा.

# जलती गाड़ी के साथ युवक का शव मिला

**नागपुर.** खापरखेडा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, पुलिस को सुबह 11:57 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि आईस फैक्ट्री के पास एक व्यक्ति और उसकी गाड़ी जल रही है. सूचना मिलते ही खापरखेडा पुलिस मौके पर पहुंची.

घटनास्थल पर जांच के दौरान गाड़ी के इंजन और चेसिस नंबर के आधार पर मृतक की पहचान ललित सुखराम वस्नाने (42) निवासी वार्ड नंबर 3, खापरखेडा निवासी के रूप में हुई.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 367-6 | 689-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 338-4 | 180-9 |
| प्रभात | 348-5 | 457-6 |
| प्रभात नाईट | 160-7 | - |
| डायमंड | 366-5 | 557-7 |
| मेन बाजार | 250-7 | - |
| मिलन डे | 130-4 | 679-2 |
| मेन रतन | 245-1 | 360-9 |
| कल्याण | 470-1 | 900-9 |
| राजधानी डे | 146-1 | 156-2 |
| राजधानी नाईट | 123-6 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 227-1 | 126-9 |

# डॉ. बी. के. शर्मा को कॉमनवेल्थ एसोसिएशन फॉर हेल्थ एंड डिसेबिलिटी ने किया सम्मानित

**नागपुर.**



प्रख्यात ईएनटी सर्जन डॉ. बी. के. शर्मा को कॉमनवेल्थ एसोसिएशन फॉर हेल्थ एंड डिसेबिलिटी, यूके आधारित एनजीओ द्वारा उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कैंसर पीड़ित समुदाय के कल्याण के लिए उनके समर्पण, भक्ति और 41 वर्षों से अपनी संगीत प्रतिभा का उपयोग करते हुए उपचारात्मक स्पर्श देने के लिए प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह का आयोजन नागपुर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर गोविंद वर्मा, पूर्व डीन, मेडिकल कॉलेज, नागपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉमहाड़ के कार्यकारी निदेशक डॉ. उदय बोधनकर, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. यशवंत पाटिल, आईएमए नागपुर की अध्यक्ष डॉ. मंजूषा गिरि, नागपुर आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजेश सावरबांधे, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शंकर खोबरागड़े सहित विभिन्न विशेषज्ञता के सम्मानित चिकित्सक एवं संगीतकार उपस्थित थे।

डॉ. बालकृष्ण शर्मा 1984 से आरएसटी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल, तुकडोजी चौक, नागपुर में मानद सलाहकार प्रधान अन्वेषक (पीबीसीआर) के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वह गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल के 1975 बैच के पूर्व छात्र हैं। अपने चार दशकों से अधिक के चिकित्सा जीवन में उन्होंने कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को संगीतमय उपचार का अनुभव देने का अनूठा कार्य किया है।

उन्होंने अब तक 200 से अधिक कैंसर जागरूकता कार्यक्रम और 200 से अधिक संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जो समाज को न सिर्फ जानकारी बल्कि भावनात्मक संबल भी प्रदान करते हैं। उनके नाम 200 से अधिक प्रकाशन और कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार दर्ज हैं, जिनमें 2023 में मिला प्रतिष्ठित विदर्भ गौरव पुरस्कार भी शामिल है।

डॉ. शर्मा की संगीत यात्रा बचपन में 11वीं कक्षा से शुरू हुई थी, जब उन्होंने एक शास्त्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने आकाशवाणी में भी अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। 1990 से वह लगातार आईएमए नागपुर में अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण देने का प्रयास कर रहे हैं।

हाल ही में आयोजित स्वरांजलि कार्यक्रम में विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों से 200 से अधिक लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्वरांजलि ऑर्केस्ट्रा टीम ने महेंद्र ढोले के कुशल नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।

डॉ. बी. के. शर्मा की यह उपलब्धि चिकित्सा और संगीत क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को दर्शाती है और समाज के प्रति उनकी सेवा भावना को सम्मानित करती है।

# केंद्रीय बजट 2025-26 पर जिला पांढुरना में प्रबुद्धजनों का सम्मेलन संपन्न

> आम बजट 2025-26 विकसित भारत की और बढ़ते कदम है- विवेक बंटी साहू
> विकसित भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना वाला बजट : संदीप मोहड़

**पांढुरना.**



भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को केंद्रीय बजट पर प्रबुद्धजनो सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता भाजपा सांसद विवेक बंटी साहू ने बजट के मुख्य प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि इस बजट में विकसित भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने शून्य कर स्लैब को बढ़ाकर 2.5 लाख से 12 लाख किया है, जिससे मध्यम वर्ग को अपूर्व लाभ होगा। सरकार का बजट हर वर्ग की बचत और आय बढ़ाने वाला है। प्रबुद्धजनो से चर्चा करते हुए मुख्य वक्ता विवेक बंटी साहू ने बताया कि मध्यम वर्ग के लिए वर्ष 2014 में आय पर शून्य कर स्लैब ढाई लाख रुपये था, जो 2019 में 5 लाख और 2023 में 7 लाख किया गया। इस वर्ष के बजट में इसे 12 लाख कर दिया गया है। इससे मध्यम वर्ग को अपने दायित्व निभाने में काफी मदद मिल जाएगी। सरकार ने देश के युवाओं के भविष्य के लिए मध्यम वर्ग को सर्वाधिक महत्व दिया है।

प्रबुद्धजनो से चर्चा में भाजपा जिलाध्यक्ष सम्मानीय संदीप मोहड़ ने कहा कि पूरी दुनिया के अंदर अर्थव्यवस्था में कमजोरी पर आ रही है, लेकिन हम 7 प्रतिशत से ज्यादा ग्रोथ रेट से आगे बढ़ रहे है और इस ग्रोथ रेट में बहुत सबसे बड़ा योगदान एमएसएमई का है। इसे बढ़ावा देने के लिए ढाई करोड़ तक के उद्योगों को अब सूक्ष्म माना जाएगा, जबकि पहले इसकी एक करोड़ तक की सीमा थी।

मध्य प्रदेश को मिला बजट में विशेष प्रोत्साहन है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदमः मध्य प्रदेश में 2000 नई मेडिकल सीटों का प्रावधान किया गया है, जिससे हमारे प्रदेश के विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे। सड़क अधोसंरचना को बढ़ावा देते हुए 12,000 करोड़ की राशि सड़क निर्माण के लिए आवंटित की गई है, कृषि और किसानों के लिए बड़ा समर्थनः धन-धान्य कृषि योजना से प्रदेश के हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। प्रबुद्धजनो सम्मेलन के दौरान पांढुरना भाजपा जिला अध्यक्ष सम्मानीय संदीप मोहड़ , सांसद विवेक बंटी साहू प्रदेश प्रवक्ता सम्मानीय अजय ढवले पूर्व शिक्षामंत्री सम्मानीय नानाभाऊ मोहड़ प्रबुद्धजनो सम्मेलन जिला प्रभारी देवदास राउत सह प्रभारी लोचन खवसे प्रीतम राउत लघु उद्योग इकाई सौसर के अध्यक्ष आर एन द्रविड़ लघु उद्योग इकाई पांढुरना के अध्यक्ष नितिन बेहूने नवीन कंस्ट्रक्शन मालिक गोपाल शर्मा नाकोड़ा कंपनी के मालिक रितेशजी जैन जे के नागपाल सुभाष बुध राजा मोहन ताजने एवं आदी प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।